# Gates Industrial Corporation plc
# उत्पीड़न और भेदभाव विरोधी नीति

**नीति संबंधी वक्तव्य**

Gates Industrial Corporation plc समान रोजगार अवसर के सिद्धांतों और गैरकानूनी उत्पीड़न या भेदभाव से मुक्त कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।Gates कर्मचारियों और अन्य कवर किए गए व्यक्तियों (इंटर्न, आवेदक, अनुबंध या अस्थायी कर्मचारी सहित) के खिलाफ उम्र, जाति, रंग, लिंग, यौन अभिविन्यास, लिंग पहचान या अभिव्यक्ति, समलैंगिक स्थिति, धर्म, राष्ट्रीय मूल, वंश, नागरिकता, विकलांगता, वयोवृद्धता या वैवाहिक स्थिति, आनुवंशिक जानकारी, गर्भावस्था, प्रसव या संबंधित चिकित्सकीय स्थितियों, या संघीय, राज्य या स्थानीय कानून द्वारा संरक्षित कोई अन्य लागू स्थिति (सामूहिक रूप से, "संरक्षित श्रेणियां") के आधार पर गैरकानूनी भेदभाव या उत्पीड़न को प्रतिबंधित करती है।

**उत्पीड़न**

Gates गैरकानूनी उत्पीड़न और कार्य स्थल हिंसा से मुक्त काम का माहौल बनाए रखने का प्रयास करती है।गैर-कानूनी उत्पीड़न किसी भी ऐसी एक घटना या व्यवहार का एक उदाहरण हो सकता है जहां प्रभाव, जानबूझकर या अनजाने में, एक या एक से अधिक संरक्षित श्रेणियों के आधार पर शत्रुतापूर्ण, अपमानजनक या डराने वाला कार्य वातावरण बनाता है।निषिद्ध व्यवहार में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं, लेकिन इतने तक ही सीमित नहीं है:

- लिखित या दृश्य स्वरूप जैसे कार्टून, ई-मेल, पोस्टर, चित्र, तस्वीरें या सोशल मीडिया पोस्ट।
- मौखिक आचरण जैसे कि अश्लील, अपमानजनक टिप्पणियाँ, गालियाँ, नकारात्मक रूढ़िवादी या चुटकुलों का उपयोग।
- शारीरिक आचरण जैसे मारपीट, किसी व्यक्ति की हरकतों को रोकना या हिंसा के कार्य (मौखिक और गैर मौखिक दोनों)

निषिद्ध आचरण में समान संरक्षित श्रेणी वाले व्यक्तियों के बीच या आपस में अनुचित टिप्पणियां या आचरण भी शामिल हो सकते हैं। कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों, प्रबंधकों, सलाहकारों, असामियों, ग्राहकों, विक्रेताओं, या Gates के साथ व्यापार करने वाले अन्य व्यक्तियों द्वारा किए गए इस तरह के उत्पीड़न

को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सभी कर्मचारियों और गैर-कर्मचारियों (ग्राहकों, असामियों, विक्रेताओं, सलाहकारों आदि) से हर समय एक पेशेवर और व्यवसायिक व्यवहार करने की अपेक्षा की जाती है।

## यौन उत्पीड़न

उत्पीड़न के अन्य रूपों के अलावा, Gates की नीति यौन उत्पीड़न और अनुचित यौन आचरण को प्रतिबंधित करती है। यौन उत्पीड़न को इसमें शामिल व्यक्तियों के लिंग पर ध्यान दिए बिना, अवांछित यौन प्रस्तावों, यौन सम्बन्धों के लिए अनुरोध, और / या यौन प्रकृति के अन्य मौखिक या शारीरिक आचरण के रूप में परिभाषित किया गया है, जब:

- ऐसे आचरण के लिए प्रस्तुत होने को स्पष्ट या निहित रूप से रोजगार की एक अनिवार्यता या शर्त बनाया गया हो;
- इस तरह के आचरण के लिए प्रस्तुत होने या अस्वीकार करने को किसी व्यक्ति के रोजगार को प्रभावित करने वाले निर्णयों के आधार के रूप में उपयोग किया जाता है; या
- इस तरह के आचरण का उद्देश्य या प्रभाव अनुचित रूप से किसी व्यक्ति के कार्य प्रदर्शन में दखल देना या डराना, कार्य वातावरण को शत्रुतापूर्ण या आक्रामक बनाना होता है।

निषिद्ध आचरण में निहित या स्पष्ट रूप से यौन संचार शामिल है, लेकिन इतने तक ही सीमित नहीं है, चाहे यह:

- लिखित रूप में हो या दृश्य रूप में, जैसे कि कार्टून, ई-मेल, पोस्टर, कैलेंडर, चित्र, तस्वीरें, सोशल मीडिया पोस्ट या अनुपयुक्त वयस्क विषय वाले उपहार।
- मौखिक रूप में हो, जैसेकि टिप्पणियां, चुटकुले, भद्दी या अश्लील भाषा, गपशप, दूसरे के यौन जीवन के बारे में प्रश्न, अवांछित यौन प्रस्ताव या डेटिंग के लिए बार-बार अवांछित अनुरोध।
- शारीरिक रूप में हो, जैसे कि चाहे वांछित या अवांछित रूप से घूरना, यौन प्रकृति के इशारे, या अनुचित स्पर्श करना।

## भेदभाव

Gates किसी भी व्यावसायिक व्यवहार में, या रोजगार या रोजगार से संबंधित निर्णयों में जिसमें भर्ती करना, काम पर रखना, वेतन, पदोन्नति, लाभों, अनुशासन, सेवा समाप्ति, कार्य सौंपना या प्रशिक्षण शामिल हैं, गैरकानूनी भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करती है।Gates सभी व्यक्तियों को रोजगार के समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**गैर-पेशेवर व्यवहार**

Gates गैर-पेशेवर व्यवहार को सहन नहीं करती है, जैसे धमकाना, आक्रामक या धमकीपूर्ण टिप्पणियां या आचरण, अनुचित हंसी-मजाक, रूढ़िवादी टिप्पड़ियां, चलताऊ चुटकुले या आपत्तिजनक भाषा का उपयोग।हालांकि यह व्यवहार उत्पीड़न हो सकता है या नहीं भी हो सकता है, फिर भी यह सहकर्मियों, ग्राहकों, या वेंडरों के लिए आक्रामक हो सकता है, और Gates के पेशेवर आचरण और नैतिकता के मानकों के साथ असंगत है।

**शिकायत प्रक्रिया**

यदि आपके साथ ऐसा आचरण होता है जिससे आपको विश्वास है कि इस नीति का उल्लंघन हो रहा है, तो आपको निम्नलिखित अनुसार करना चाहिए:

**पड़ाव 1:** यदि सहज हो, तो उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को बताएं कि इस तरह का आचरण स्वीकार्य नहीं है और ऐसा आचरण तुरंत बंद करने का अनुरोध करें।

**पड़ाव 2:** इस आचरण के बारे में अपने पर्यवेक्षक को तत्काल रिपोर्ट करें। हालाँकि, यदि आपको लगता है कि आपके पर्यवेक्षक के साथ इस मामले पर चर्चा करना अनुचित होगा या आप अपने पर्यवेक्षक के साथ इस मामले पर चर्चा करने में असहज हैं, तो आप अपनी पर्यवेक्षी श्रृंखला में किसी अन्य व्यक्ति को, उपयुक्त मानव संसाधन प्रतिनिधि को, Gates के कानून विभाग को (compliance@gates.com), या नैतिकता और अनुपालन हॉटलाइन के माध्यम से गुमनाम रूप से मामले की रिपोर्ट कर सकते हैं:

ऑनलाइन फॉर्म: gatescorp.ethicspoint.com
फोन से: जो कि आचार संहिता के अनुलग्नक A में सूचीबद्ध है या जिसे gatescorp.ethicspoint.com पर सूचीबद्ध किया गया है।

**पड़ाव 3:** यदि अतिरिक्त घटनाएं बार-बार हो रही हैं, तो आपको उनके बारे में ऊपर सूचीबद्ध व्यक्तियों में से अपनी पसंद के व्यक्ति को तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए।

Gates इस उत्पीड़न और भेदभाव विरोधी नीति को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के प्रयासों की प्रभावशीलता अनुचित कार्यस्थल आचरण की रिपोर्ट करने वाले कर्मचारियों पर निर्भर करती है। यदि

आपको लगता है कि आप या कोई और व्यक्ति इस नीति का उल्लंघन करने वाला है, तो आपको इसकी सूचना तुरंत देनी चाहिए।

किसी भी रिपोर्ट की गई घटना की कंपनी द्वारा समय पर और पूरी तरह से निष्पक्ष जांच की जाएगी। Gates उचित प्रगति सुनिश्चित करने के लिए उचित रिकार्ड मेन्टेन करेगी और निगरानी करेगी। जांच पूरी होने पर , Gates उपचारात्मक कार्यों और प्रस्तावों के लिए उपयुक्त विकल्पों पर विचार करेगी। यदि कदाचार पाया जाता है, तो Gates शीघ्र उचित सुधारात्मक कार्रवाई करेगी। उत्पीड़न या भेदभाव की शिकायतों को हल करने के लिए की गई शिकायतों और कार्यवाहियों को यथासंभव गोपनीय रूप से क्रियान्वित किया जाएगा।

**प्रबंधन की भूमिका**

ध्यान में लायी जाने वाली उत्पीड़न, भेदभाव या अव्यवसायिक व्यवहार की किसी भी चिंता को उचित रूप से रिपोर्ट करना Gates के प्रबंधकों की जिम्मेदारी है।यदि किसी प्रबंधक को रिपोर्ट मिलती है कि इस नीति का उल्लंघन किया गया है या हो सकता है, या इस नीति का उल्लंघन करने वाला आचरण दिखाई देता है, तो उसे तुरंत मानव संसाधन से संपर्क करना चाहिए ताकि जांच की जा सके और उपयुक्त होने पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।

**प्रतिशोध**

Gates रिपोर्टिंग, फाइलिंग, गवाही, सहायता देने, या उत्पीड़न या भेदभाव की घटना की कंपनी या सरकारी प्रवर्तन एजेंसी द्वारा संचालित जांच, कार्यवाही, या सुनवाई में किसी भी तरह से भाग लेने के लिए, (इंटर्न, आवेदक, अनुबंध या अस्थायी कर्मचारी सहित) किसी भी कर्मचारी के खिलाफ, पर्यवेक्षकों और प्रबंधकों सहित, ऐसे अन्य व्यक्ति द्वारा प्रतिशोध की कार्यवाही का निषेध करती है।

यदि आपको लगता है कि रिपोर्ट करने या किसी जाँच में भाग लेने के लिए आपसे प्रतिशोध लिया जा रहा है, तो कृपया ऊपर उल्लिखित शिकायत प्रक्रियाओं का उपयोग करें।स्थिति की उचित जांच की जाएगी।

**झूठे आरोप**

Gates में सभी आरोपों को बहुत गंभीरता से लिया जाता है और इस नीति में निहित शिकायत प्रक्रिया का अनुचित, दुर्भावनापूर्ण या गलत उद्देश्यों के लिए उपयोग को प्रतिबंधित करती है। तदनुसार, Gates उस किसी भी कर्मचारी के खिलाफ सुधारात्मक कार्रवाई करेगी, जिसमें उसकी सेवा समाप्ति तक शामिल हो सकती है, जो जानबूझकर झूठी शिकायत दर्ज कराने के द्वारा या एक आंतरिक जांच के दौरान

जानबूझकर गलत जानकारी देकर Gates के उत्पीड़न और भेदभाव की शिकायत प्रक्रिया का दुरुपयोग करता है।

## उल्लंघन

इस नीति के अनुपालन में कोई दावा करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करने सहित, इस नीति का कोई भी उल्लंघन करने पर , अनुशासनिक कार्यवाही हो सकती है जिसमें सेवा समाप्ति तक शामिल हो सकती है।इसके अलावा, कोई भी प्रबंधक या पर्यवेक्षक जो उत्पीड़न या भेदभाव की रिपोर्ट प्राप्त करता है और कंपनी को सूचित करने में विफल रहता है, वह भी अनुशासनात्मक कार्रवाई का भागी होगा, जिसमें सेवा की समापृति भी शामिल है।

## किससे संपर्क करें

इस नीति के बारे में प्रश्नों या चिंताओं के लिए, अपने पर्यवेक्षक, मानव संसाधन, या Gates के कानून विभाग (compliance@gates.com) से संपर्क करें।